देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 100 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार–प्रवाह...न से नफरत और नफरत से न



देहरादून, मंगलवार, 21 मई 2019

# पेज थ्री



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 37.0⁰ न्यूनतम 22.0⁰

39352.67

2 ट्रंप ने ईरान को दी खुली चेतावनी

7 कोच लैंगर की गेंदबाजों को कड़ी सलाह

# एग्जिट पोल्सः आएगा तो मोदी ही

## सारे एग्जिट पोल्स में एनडीए को बहुमत की भविष्यवाणी

एग्जिट पोल दिखा रहे हैं कि 2019 में एकबार फिर मोदी मैजिक चल रहा है। साफ संदेश मिल रहा है कि देश में नरेंद्र मोदी निर्विवाद रूप से सबसे लोकप्रिय नेता हैं। कुछ एग्जिट पोल्स में तो अकेले बीजेपी को बहुमत मिलते दिखाया गया है।



### अकेले बीजेपी का अबतक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का अनुमान

सत्ताधारी नैशनल डेमोक्रेटिक अलायंस को टाइम्स नाउ–वीएमआर एग्जिट पोल ने 304, न्यूज 24–टुडेज चाणक्य ने 350, इंडिया टुडे–एक्सिस माय इंडिया ने 339–365 और सी वोटर ने 287 सीटों का अनुमान लगाया है। इसमें भी अगर अकेले बीजेपी की बात करें तो 2014 के नतीजों की लगभग सटीक भविष्यवाणी करने वाले न्यूज24–टुडेज चाणक्य ने 300 सीटों का अनुमान लगाया है। इसी तरह, इंडिया टुडे–एक्सिस माय इंडिया ने अकेले बीजेपी को 293 से 316 सीटों यानी इसका औसत लें तो 304 सीटों की भविष्यवाणी की है।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के बाद अब सबकी निगाहें 23 मई को होने वाली काउंटिंग पर टिकी हैं, लेकिन अगर एग्जिट पोल्स की मानें तो आएगा तो मोदी ही। खास बात यह है कि कुछ एग्जिट पोल्स में तो बीजेपी पिछली बार के अपने अबतक के सर्वश्रेष्ठ रेकॉर्ड (282 सीट) को भी ध्वस्त कर सकती है। उनमें अकेले बीजेपी को बहुमत की भविष्यवाणी की गई हैं और सीटें भी 300 के पार। एग्जिट पोल दिखा रहे हैं कि 2019 में एकबार फिर मोदी मैजिक चल रहा है। साफ संदेश मिल रहा है कि देश में नरेंद्र मोदी निर्विवाद रूप से सबसे लोकप्रिय नेता हैं। राष्ट्रवाद के साथ जुड़कर यह मोदी लहर और मजबूत होकर उभरी है। महागठबंधन और अन्य क्षेत्रीय दलों की एकजुटता के बावजूद मोदी का जादू बरकरार दिख रहा है। उनके सामने विपक्ष का कोई नेता टिकता नजर नहीं आ रहा है।

पोल दिखा रहे हैं कि बीजेपी नए राज्यों में अपना विस्तार करने में कामयाब हो रही है। खासकर ओडिशा और तृणमूल कांग्रेस की सरकार वाले पश्चिम बंगाल में बीजेपी को शानदार सफलता हासिल होने के संकेत हैं।

### यूपी में महागठबंधन भी नहीं रोक पाएगा बीजेपी का विजय रथ

अकेले बीजेपी को 300 या उससे ऊपर सीटों की भविष्यवाणी करने वाले टुडेज चाणक्य और एक्सिस माय इंडिया के मुताबिक यूपी में एसपी–बीएसपी गठबंधन बीजेपी को रोकने में नाकाम दिख रहा है। एक्सिस माय इंडिया के मुताबिक यूपी की 80 सीटों में एनडीए को 62–68 सीटें मिल सकती हैं। इसमें अकेले बीजेपी 60–66 और सहयोगी अपना दल को 2 सीटें मिल सकती हैं। एसपी–बीएसपी गठबंधन को 10–16 और कांग्रेस को 1 से 2 सीटें मिल सकती हैं। इसी तरह टुडे चाणक्य एग्जिट पोल के मुताबिक यूपी में एनडीए को 65 (–8) सीटें यानी 57 से लेकर 73 तक सीटें मिल सकती हैं।

### राजभर ने पार कर दी थी हद इसलिए पद से किया गया बर्खास्त

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) वाराणसी। यूपी सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को बर्खास्त किए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने सरकार के इस फैसले पर प्रतिक्रिया दी है। यूपी बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्रनाथ पांडेय ने सोमवार को राजभर की बर्खास्तगी के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि ओमप्रकाश राजभर ने चुनाव के दौरान हद पार कर दी थी, इसी कारण सरकार ने उन्हें पद से बर्खास्त किया। राज्यपाल द्वारा राजभर की बर्खास्तगी की अनुशंसा मंजूर करने के बाद पांडेय ने कहा, बीजेपी ने राजभर समाज का हमेशा आदर किया है। बीजेपी बड़े भाई की भूमिका के कारण उन्हें बर्दाश्त कर रही थी।

# दावा–अल्पमत में कमलनाथ सरकार

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

भोपाल। लोकसभा चुनाव के एग्जिट पोल्स सामने आने के बाद अब केंद्र के साथ–साथ मध्य प्रदेश में भी सियासी हलचल तेज हो गई है। दरअसल, राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी बीजेपी ने सीएम कमलनाथ के नेतृत्व वाली सरकार के अल्पमत में होने का दावा कर दिया है। यही नहीं, बीजेपी ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को चिट्ठी लिख विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग करने की बात कही है।

उधर, कमलनाथ सरकार ने बीजेपी के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उनकी

■बीजेपी ने राज्यपाल को चिट्ठी लिखकर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग की

सरकार बेहद मजबूत है। मध्य प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष गोपाल भार्गव ने दावा किया, कमलनाथ सरकार अपने आप गिर जाएगी। मैं खरीद–फरोख्त पर यकीन नहीं करता लेकिन इसका समय आ गया है और यह जल्द ही होगा। हम विधानसभा सत्र बुलाने के लिए गवर्नर को पत्र भेज रहे हैं। भार्गव ने कहा, 6 महीने चुनाव को हो गए हैं। 11 दिसंबर को राज्य में विधानसभा चुनाव हुआ था। राज्य में लोग कमलनाथ



सरकार से खुश नहीं हैं। चुनाव के एग्जिट पोल्स के नतीजे भी साफ बता रहे हैं कि कांग्रेस के पास अब जनमत नहीं है। इस पर विधानसभा में चर्चा होनी चाहिए। यह संभव है कि सत्र के दौरान स्पीकर से शक्ति परीक्षण की मांग की जाए।

बात करें लोकसभा चुनाव के एग्जिट पोल्स के नतीजों की, तो मध्य प्रदेश में अधिकांश सीटें बीजेपी के खाते में जाने का अनुमान है।

### बीजेपी को कांग्रेस का जवाब

प्रदेश की कमलनाथ सरकार ने बीजेपी को जवाब देते हुए कहा, सरकार मजबूत है, बीजेपी दिन में सपने देखा बंद करे। कांग्रेस नेता मुकेश नायक ने कहा, श्जो संसदीय नियम और प्रक्रिया है, उसके मुताबिक विधानसभा का विशेष सत्र तभी बुलाया जा सकता है जब एक निश्चित अनुपात में विधायक यह मांग रखें या फिर मुख्यमंत्री सत्र आहुत करें।

# आंकड़ों ने उड़ाई विपक्ष की नींद

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव में एनडीए की बंपर जीत का ऐलान कर रहे एग्जिट पोल के नतीजों ने विपक्षी दलों की बेचैनी बढ़ा दी है। विपक्षी दल एग्जिट पोल के नतीजों के बाद सियासी गलियारों में सरगर्मी बढ़ गई है। खासकर विपक्षी खेमे में हलचल तेज है। विपक्षी दलों को आस है कि 23 मई आने वाला चुनाव परिणाम अलग रहेगा। इसी के मद्देनजर वह रणनीति बनाने में जुटे हैं। विपक्षी नेताओं की कोशिश है कि अगर करीबी स्थिति बनती है तो उसमें यूपीए समेत तीसरे मोर्चे की संभावना पर भी विचार किया जाए।

**माया–अखिलेश में एक घंटे तक चर्चा:** सोमवार सुबह अखिलेश यादव चुनाव में अपनी सहयोगी बीएसपी प्रमुख मायावती से मिलने पहुंचे। दोनों नेताओं ने करीब 1 घंटे तक चर्चा की। बता दें कि एग्जिट पोल्स में उत्तर प्रदेश में एसपी–बीएसपी का महागठबंधन बीजेपी को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचाता नहीं दिख रहा है। नायडू ममता बनर्जी से मिलने वाले हैं। दूसरी तरफ शरद पवार भी विपक्षी नेताओं को साधने के लिए ऐक्टिव हो चुके हैं।

### दावा

विपक्षी दलों का एग्जिट पोल को खारिज करते हुए केंद्र में सरकार बनाने का दावा

### पवार, नायडू ऐक्टिव

पवार क्षेत्रीय दलों के नेताओं से संपर्क साध रहे हैं। माना जा रहा है कि अगर 23 मई को असल नतीजे थोड़े भी अलग होते हैं तो बीजेपी को सरकार बनाने से दूर रखने के लिए विपक्षी दल साझा सरकार बनाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। बैठक में रिजल्ट के बाद की भावी योजना पर बात हो सकती है।

### कांग्रेस में भी मंथन

रविवार को तमाम एग्जिट पोल में नरेंद्र मोदी सरकार के बहुमत के साथ वापसी का अनुमान लगाया गया है। हालांकि विपक्षी दल एग्जिट पोल के नतीजों को खारिज कर रहे हैं और केंद्र में सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, एग्जिट पोल के बाद कांग्रेस में भी मंथन जारी है। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मिलकर परिणाम के बाद की स्थिति पर बात कर रहे हैं। इस बीच, ऐसी भी खबरें हैं कि तीसरे मोर्चे की कवायद को फिर शुरू किया जाए।

# एनआईए ने 10 संदिग्धों के ठिकानों पर की छापेमारी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

सलेम। एनआईए ने सोमवार को तमिलनाडु में करीब 10 अलग–अलग संदिग्धों के ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी अप्रैल 2018 के एक मामले को लेकर की गई है, जिसमें 10 लोगों को देश के खिलाफ साजिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

सोमवार की छापेमारी में एनआईए ने 3 लैपटॉप, 3 हार्ड डिस्क, 16 मोबाइल फोन, 2 पेन ड्राइव, 5 मेमोरी कार्ड, दो चाकू और बड़ी मात्रा में संदिग्ध दस्तावेज बरामद किए हैं। पिछले साल अप्रैल में इन सभी संदिग्धों के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### आपत्तिजनक ट्वीट कर घिरे विवेक ओबेरॉय

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) मुंबई। लोकसभा चुनाव के एग्जिट पोल्स देख सोशल मीडिया पर लोग अलग–अलग तरीके से प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं और मीम्स भी शेयर किए जा रहे हैं। सोमवार को ऐक्टर विवेक ओबेरॉय भी ऐसा ही एक मीम शेयर कर विवाद में घिर गए हैं। इस मीम में सलमान खान, विवेक ओबेरॉय और अभिषेक बच्चन के साथ ऐश्वर्या की अलग–अलग तस्वीरें हैं और इसके साथ जो लिखा गया, उसकी सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हो रही है। मीम में अभिषेक और ऐश्वर्या की बेटी भी दिखाई दे रही है, जिससे लोग काफी नाराज हैं।

### हासन को फटकार के साथ कोर्ट ने दी अग्रिम जमानत

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) मदुरै। मद्रास हाई कोर्ट ने अभिनेता–राजनीतिक कमल हासन को उनकी हिंदू चरमपंथी टिप्पणी को लेकर सोमवार को फटकार लगाई और कहा कि एक अपराधी की पहचान उसके धर्म, जाति या नस्ल से करना निश्चित तौर पर लोगों के बीच घृणा के बीज बोना है। मदुरै पीठ के न्यायमूर्ति आर पुगलेंधी ने एक हालिया चुनावी रैली में हासन की तरफ से की गई विवादित टिप्पणी को लेकर दर्ज मामले में उन्हें अग्रिम जमानत देते हुए कहा कि घृणा भरे भाषण देना आजकल आम हो गया है।

### सैफ, सोनाली, नीलम और तब्बू को कोर्ट का ताजा नोटिस

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) जोधपुर। काले हिरण के शिकार के मामले में बॉलिवुड स्टार सैफ अली खान, सोनाली बेंद्रे, नीलम कोठारी और तब्बू की मुसीबतें बढ़ती नजर आ रही हैं। राजस्थान हाई कोर्ट की जोधपुर बेंच ने 1998 के इस केस में इन्हें ताजा नोटिस जारी किए हैं। जस्टिस मनोज गर्ग की सिंगल बेंच ने राजस्थान सरकार की एक अपील पर यह नोटिस जारी किया है। कलाकारों को बरी करने के चीफ जुडिशल मैजिस्ट्रेट के फैसले के खिलाफ याचिका दायर की थी।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in